Hindi

family and child connect

# ऐसी सेवाओं से जुड़ें जो आपकी सहायता कर सकती हैं

## हम कैसे सहायता कर सकते हैं?

बच्चों को स्वस्थ और सकारात्मक तरीके से विकसित होने और फलने-फूलने के लिए स्थिरता की आवश्यकता होती है - यदि उनका परिवार चुनौतियों का सामना कर रहा हो, तब भी। विशेष रूप से यह बच्चों के आरंभिक वर्षों में महत्वपूर्ण होता है।

यदि आपको समर्थन की आवश्यकता है, तो Family and Child Connect यहाँ आपके लिए मौजूद है। हम आपकी सहायता के लिए आपको स्थानीय सेवाओं के साथ जोड़ सकते हैं:

- अपने बच्चे का व्यवहार प्रबंधित करें
- बेहतर पारिवारिक संबंध बनाएँ
- घर में हिंसा समाप्त करें
- बजट बनाएँ और पैसों का प्रबंधन करें
- एल्कोहल, मादक-पदार्थों या जुए की समस्याओं का प्रबंधन करें
- आवास, स्वास्थ्य देखभाल या अन्य सामुदायिक या सरकारी सेवाओं तक सुलभता प्राप्त करें।

Family and Child Connect सेवाएँ परिवारों के साथ काम करने में अनुभवी भरोसेमंद, स्थानीय संगठनों द्वारा प्रदान की जाती हैं।

आप जितनी बार चाहें, इस सेवा का उपयोग कर सकते/सकती हैं। इसके लिए कोई सीमा और कोई शुल्क नहीं है।

## जब आप हमसे संपर्क करते/करती हैं, तो क्या होगा?

जब आप हमसे संपर्क करते/करती हैं, हैं तो आप एक अनुभवी परिवार समर्थन कार्यकर्ता से बात कर पाएँगे/पाएँगी जो आपकी चिंताओं को सुनेगा और आपके परिवार की स्थिति का आकलन करेगा। हरेक परिवार अलग-अलग होता है, इसलिए जब आप हमारे साथ बात करते/करती हैं तो आपको अपनी स्थिति के अनुरूप सलाह और समर्थन मिलेगा।

हम आपको या तो सलाह देकर, या आपको किसी समर्थन सेवा का संदर्भ देकर बस एक ही फोन कॉल में आपकी सहायता कर सकते हैं। हम बात करने के लिए आपके घर पर - या किसी सुरक्षित स्थान पर - जाने की व्यवस्था भी कर सकते हैं। जब आवश्यकता हो, तो हम परिवारों को घरेलू और पारिवारिक हिंसा सेवाओं के साथ जल्दी से जोड़ सकते हैं।

## आप दूसरों की सहायता कैसे कर सकते/सकती हैं?

क्या आप अपने वयस्क बेटे/बेटी, नाती-पोते/पोती, स्कूल में किसी परिवार, या कार्यस्थल में किसी दोस्त जैसे किसी अन्य व्यक्ति के बारे में चिंतित हैं? आप उनकी आवश्यकतानुसार उन्हें समर्थन प्राप्त करने में भी सहायता दे सकते/सकती हैं।

उनके साथ बातचीत शुरू करें और उन्हें सलाह व समर्थन के लिए Family and Child Connect से 13 32 64 पर संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित करें। सहायता प्राप्त करने की दिशा में यह उनका पहला कदम हो सकता है।

## हमसे संपर्क करें

जब बच्चों के माता-पिता को उनकी आवश्यकतानुसार समर्थन मिलता है, तभी बच्चे फलते-फूलते हैं। Family and Child Connect में हमें पता है कि सही मार्गदर्शन मिलने से आप जीवन की चुनौतियों से होकर गुजर सकते/सकती हैं और अपने बच्चों को स्वस्थ व सकारात्मक तरीके से विकसित होने में समर्थन दे सकते/सकती हैं।

हमारी सेवा गोपनीय, नि:शुल्क और कॉल के लायक है।

**फोन: 13 32 64**
**वेबसाइट: familychildconnect.org.au**

## आपकी स्थानीय Family and Child Connect सेवा:

.................................................................

.................................................................

.................................................................

Interpreter

## क्या आपको दुभाषिए की आवश्यकता है?

यदि आपको दुभाषिए की आवश्यकता है, तो हम आपके लिए नि:शुल्क दुभाषिए की व्यवस्था कर सकते हैं। हमें **13 32 64** पर कॉल करें और बताएँ कि आपको किस भाषा की आवश्यकता है।

Funded by
Queensland Government

0869_MARCH2021